( आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 31281/78 )

डाक पंजीयन क्रमांक RJ/JPC/205/2021-23

O.I.G.S.

सत्यमेव जयते

राजस्थान

# रोज़गार संदेश

(पाक्षिक)

(राजस्थान सरकार के रोजगार सेवा निदेशालय द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी सूचनाओं का एकमात्र प्रकाशन)


वर्ष 44 अंक 13 | Website:http://employment.livelihoods.rajasthan.gov.in | 15 अगस्त, 2021 | फोन : 2368398 | मूल्य : 2.00 | वार्षिक शुल्क 40 रु.

**राजस्थान रोजगार संदेश की ओर से पाठकों, विज्ञापनदाताओं व वितरकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

## कैमरे की कलाकारी से भी आप स्वरोजगार और रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

दुनिया का हर व्यक्ति अपनी स्मृति को अक्षुण्य बनायें रखना चाहता है। यादों को सहेज कर रखना चाहता है। यह तभी हो सकता है जब आपके पास कैमरा हो। फोटोग्राफी में कॅरियर की भी अनेक संभावनाएं हैं। वर्तमान समय में फोटोग्राफी किसी परिचय की मोहताज नहीं। फोटोग्राफी किसी छवि को प्रकाश की क्रिया द्वारा संवेदनशील सामग्री पर उतारने की प्रक्रिया को कहते है। सामान्यतः किसी लैंस द्वारा कैमरे में किसी वस्तु की छवि के निर्माण को फोटोग्राफी कहते हैं और आज के युग की सबसे बेहतरीन प्रचार -प्रसार का माध्यम भी फोटोग्राफी ही है।

फोटोग्राफी हमारी अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। यह ठीक वैसे ही हैं कि शायद किसी बात को सैकड़ों शब्द नहीं समझा सकते उसे एक फोटो आसानी से समझा सकता है। यह अनुभव और शौक का क्षेत्र है। इस क्षेत्र में हम आसानी से रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इस क्षेत्र में हम न केवल अच्छे पैसे कमा सकते हैं बल्कि एक ग्लैमर से भरी जिन्दगी भी जी सकते हैं।



वर्तमान समय में सभी लोग फोटो खींचने और खिंचाने का शौक रखते हैं। फोटोग्राफी एक बेहतरीन कला है। इसमें विजुअल कमांड के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान भी आवश्यक है। जो लोग प्राकृतिक लगाव रखते हैं। प्रकृति के दृश्यों को अपने कैमरे में कैद करना चाहते हैं उन लोगों के लिए फोटोग्राफी एक बहुत अच्छा साधन है। इसमें कॅरियर की भी अनेक संभावनाएं हैं। फोटोग्राफी खुद को अभिव्यक्त करने का अच्छा साधन है। इससे हमारे अंदर छुपी हुई रचनात्मक अभिव्यक्ति एवं कलात्मकता का रूप निखर कर सामने आता है। फोटोग्राफी कॅरियर का एक ऐसा फील्ड है कि जहाँ फोटोग्राफर अपने कैमरे में सुंदर एवं प्रभावपूर्ण ऐसी तस्वीरें कैद कर लेता है कि वह दुनिया को आकर्षित करने वाली होती हैं। आजकल मीडिया के माध्यम से अलग-अलग मूवमेंट, फैशन शो, छोटे-बड़े आयोजन सभी जगह फोटोग्राफी का वर्चस्व है।

### लगन और धैर्य

फोटोग्राफी सीखने और करने के लिए व्यक्ति में धैर्य होना जरूरी है। इस क्षेत्र में सफल होने का एक ही मूलमंत्र है और वह है धैर्य। एक अच्छा क्लिक धैर्य के बिना संभव नहीं। यदि आप में धैर्य नहीं है तो फिर आप मनोनकुल फोटोग्राफी नहीं कर सकते। यह एक चैलेंजिंग कार्य है। भयानक जंगल हो, भीड़भाड़ या तनावपूर्ण वातावरण हो, सभी जगह बड़ी ही सावधानी की जरूरत है। इतना ही नहीं एक फोटोग्राफर और सिनेमेटोग्राफर के लिए अपनी आँखों का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। उसके लिए उसका कैमरा ही उसकी आँखें हैं।

साथ ही एक स्वतंत्र फोटोग्राफर और व्यावसायिक फोटोग्राफर के लिए तकनीकी कौशल के साथ-साथ व्यापारिक समझ भी जरूरी है। तकनीकी पहलू के अंतर्गत लाइटिंग, लैंस, फिल्टर, रिफलेक्टर और सैटिंग्स जैसी तकनीकों का इस्तेमाल करके ही फोटोग्राफर उच्च क्वालिटी की पिक्चर कैप्चर कर सकता है। इसके साथ यह भी जरूरी है कि फोटो खींचते समय अनेक चीजों के समायोजन की आवश्यकता होती है। जैसे कैमरे की क्वालिटी सब्जेक्ट्स लाईटिंग और फोटोग्राफर का कौशल आदि।

### आकर्षक कॅरियर है फोटोग्राफी में

वैसे तो आजकल कॅरियर के लिए अनेक नए-नए विकल्प होते जा रहे हैं, लेकिन फोटोग्राफी एक ऐसा साधन है, जो आपको पैसे के साथ-साथ नाम भी देता है। यह कॅरियर के लिए बहत ही आकर्षक फील्ड माना जा रहा है। फोटोग्राफी में कोर्स करने के लिए सीनियर सैकेण्डरी पास होना आवश्यक है। जहाँ ललित कला वर्ग (फाइन आर्ट विषय) में इसे एक ऐच्छिक विषय के रूप में लेकर बैचलर डिग्री प्राप्त की जा सकती है। अनेक महाविद्यालय एवं विश्व विद्यालय में इसे डिग्री कोर्स के साथ-साथ पार्ट टाइम कोर्स भी करवाया जाता है। कुछ में स्नातक कोर्स की भी सुविधा है। एक अच्छे फोटोग्राफर के लिए निम्नलिखित कोर्स कर सकते हैं।

- फोटोज जर्नलिज्म
- फैशन फोटोग्राफी
- व्यावसायिक फोटोग्राफी
- डिजिटल फोटोग्राफी
- कैमरा विभाग के सहायक में व्यावसायिक पाठ्यक्रम
- बुनियादी फोटोग्राफी में पाठ्यक्रम
- व्यावहारिक प्रिंसिपल फोटोग्राफी कोर्स

**इन सब के अलावा और भी अनेक माध्यम हैं जिनमें कोर्स करके आप अपना कॅरियर बना सकते हैं।**

इन सब के साथ यह भी जरूरी है कि फोटोग्राफी में कॅरियर बनाने के लिए आपके पास कलात्मक एवं पारखी नजर और तकनीक का अच्छा ज्ञान भी आवश्यक है। फोटोग्राफर बनने के लिए आपके पास आत्मविश्वास और लगन के साथ-साथ कड़ी मेहनत आवश्यक है। साथ ही व्यक्तिगत स्किल्स डवलपमेंट ग्राहक सेवा और पहचान एडवरटाइजिंग पब्लिसिंग एजेंसी और डिजाइनर के साथ आपसी तालमेल भी आवश्यक है।

### रोजगार के अवसर

अगर आप एक अच्छे फोटोग्राफर होतो आपके लिए कॅरियर बनाना कोई मुश्किल कार्य नहीं है। फोटोग्राफी के क्षेत्र में जॉब के लिए अनेक साधन हैं। फोटोग्राफी में कॅरियर के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अनेक मार्ग प्रशस्त हैं। आप फोटोग्राफी का कोर्स करके अनेक विभागों में फोटोग्राफी का कोर्स करके अनेक विभागों में फोटोग्राफर बन सकते हैं। **साथ ही स्वरोजगार के अन्तर्गत आप निम्नलिखित स्थानों पर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।**

- फोटो जर्नलिज्म
- फैशन फोटोग्राफी
- मोशन पिक्चर फोटोग्राफी
- स्टिल फोटोग्राफी
- डिजिटल फोटोग्राफी
- कलर एवं ब्लैक एण्ड व्हाइट फोटोग्राफी
- पोट्रेट फोटोग्राफी
- फिल्म फोटोग्राफी
- मेडिकल एवं तकनीक फोटोग्राफी

### फोटोग्राफी का कोर्स करवाने वाले प्रमुख संस्थान

- फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर - https://www.uniraj.ac.in/
- भारतीय विद्या भवन नई दिल्ली - https://www.bvbdelhi.org/
- जामिया मिलिया इस्लामिया इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्यूनिकेशन रिसर्च सेंटर, नई दिल्ली - https://www.jmi.ac.in/
- सरजे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट्स, मुम्बई - https://www.sirjjschoolofart.in/
- फ्रग्यूशन कॉलेज, पूणे - https://www.fergusson.edu/
- सेंट जेवियर कॉलेज मुम्बई - http://xaviers.edu/
- एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन, नई दिल्ली - https://aaft.com/
- महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी - https://www.mgkvp.ac.in/
- जवाहर लाल नेहरू तकनीकी विश्वविद्यालय, हैदराबाद - https://jntuh.ac.in/
- बरकत्तुल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल - http://www.bubhopal.ac.in/
- फिल्म एण्ड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पूणे (सिनेमेटोग्राफी) - https://www.ftii.ac.in/
- सत्यजीत रेफिल्म एण्ड टेलिविजन इंस्टीट्यूट, कलकता। - http://srfti.ac.in/

लेखक नगेन्द्र नारायण किराडू विश्वविद्यालय रोजगार सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र, बीकानेर में कलाकार के पद पर कार्यरत है।

# भारत सरकार
# रक्षा मंत्रालय
# मुख्यालय, इन्फेंटरी स्कूल, महू
# रोज़गार सूचना

निम्नलिखित पद (ों) के लिए भारतीय नागरिकों से, जो कि नीचे वर्णित अपेक्षित अर्हताएं/विशिष्टताएं पूरी करते हैं, सादे कागज पर केवल निर्धारित प्रपत्र में विधिवत टंकित अथवा साफ -2 हस्तलिखित आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. हर तरह से विधिवत पूर्ण किए गए आवेदन-पत्र साथ में उपयुक्त डाक टिकट विधिवत चिपकाया हुआ स्वयं का पता लिखा पंजीकृत लिफाफा साथ में **सभी अपेक्षित दस्तावेज, विधिवत स्वयं सत्यापित, संलग्न करते हुए इन्फेंटरी स्कूल महू स्टेशन में सारणी 1 भर्ती पद हेतु पीठासीन अधिकारी, सिविलियन सीधी भर्ती, आवेदन जांच बोर्ड, दि इन्फेंटरी स्कूल, महू (म.प्र.)-453441 के पते पर और जेएल विंग, दि इन्फेंटरी स्कूल, बेलगाम (कर्नाटक) स्टेशन में सारणी 2 पद के लिए पीठासीन अधिकारी, सिविलियन सीधी भर्ती, आवेदन जांच बोर्ड, जूनियर लीडर्स विंग, दि इन्फेंटरी स्कूल, बेलगाम (कर्नाटक) के पते पर पहुंच जाने चाहिएं.**

**(क) सारणी 1: इन्फेंटरी स्कूल, महू स्टेशन में भर्ती पद**

| क्रम सं. | पद का नाम और वेतन मैट्रिक्स में वेतन लेवल | समूह | पदों की संख्या | श्रेणी-वार वितरण (जहां कहीं लागू है) | | | | | पदों की कुल संख्या में से चिन्हित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना | ईडब्ल्यूएस | अजा | अजजा | अपिव | भूपूसै/पीडब्ल्यूडी |
| 1. | **लेखाकार,** वेतन लेवल-4 (रु. 25500-81100) | ग | 02 | 01 | | | | 01 | |
| 2. | **ड्राफ्ट्समैन,** वेतन लेवल-4 (रु. 25500-81100) | ग | 03 | 01 | | 01 | 01 | | |
| 3. | **अवर श्रेणी लिपिक,** वेतन लेवल-2 (रु. 19900-63200) | ग | 04 | 01 | 01 | 01 | | 01 | @ भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित 01 रिक्ति सहित |
| 4. | **बढ़ई,** वेतन लेवल-2 (रु. 19900-63200) | ग | 01 | | 01 | | | | |
| 5. | **अनुवादक,** लेवल-2 (रु.19900-63200) | ग | 01 | 01 | | | | | |
| 6. | **स्टोरकीपर,** लेवल-2 (रु. 19900-63200) | ग | 01 | | | | | 01 | |
| 7. | **बूटमेकर,** लेवल-2 (रु. 19900-63200) | ग | 01 | 01 | | 01 | | | |
| 8. | **पेंटर,** लेवल-2 (रु. 19900-63200) | ग | 02 | 01 | | | | | |
| 9. | **सिविलियन मोटर ड्राइवर (ओजी),** लेवल-2 (रु. 19900-63200) | ग | 02 | | | 01 | | 01 | @भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित 01 रिक्ति सहित |
| 10. | **कुक,** लेवल-2 (रु. 19900-63200) | ग | 04 | 02 | | | 01 | 01 | |
| 11. | **पर्यवेक्षक,** वेतन लेवल-1 (रु. 18000-56900) | ग (पूर्ववर्ती समूह घ) | 01 | | | | | 01 | |
| 12. | **आर्टिस्ट अथवा मॉडल मेकर,** वेतन लेवल-1 (रु. 18000-56900) | ग (पूर्ववर्ती समूह घ) | 01 | | | | | 01 | |
| 13. | **फटीग़मैन,** वेतन लेवल-1 (रु. 18000-56900) | ग (पूर्ववर्ती समूह घ) | 21 | 04 | 02 | 02 | 06 | 07 | @ भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित 04 रिक्ति सहित |
| 14. | **एमटीएस (वॉचमैन),** वेतन लेवल-1 (रु. 18000-56900) | ग (पूर्ववर्ती समूह घ) | 02 | 01 | | | | 01 | @ भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित 01 रिक्ति सहित |
| 15. | **एमटीएस (चौकीदार),** वेतन लेवल-1 (रु. 18000-56900) | ग (पूर्ववर्ती समूह घ) | 01 | | | | 01 | | @ भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित 01 रिक्ति सहित |
| 16. | **एमटीएस (मैसेंजर),** वेतन लेवल-1 (रु. 18000-56900) | ग (पूर्ववर्ती समूह घ) | 01 | | | 01 | | | @ पीडब्ल्यूडी के लिए आरक्षित रिक्ति |
| 17. | **धोबी,** वेतन लेवल-1 (रु. 18000-56900) | ग (पूर्ववर्ती समूह घ) | 01 | | | | 01 | | |
| 18. | **नाई,** वेतन लेवल-1 (रु. 18000-56900) | ग (पूर्ववर्ती समूह घ) | 03 | 01 | | | 01 | 01 | @ भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित 01 रिक्ति सहित |
| 19. | **साइकिल रिपेयर,** वेतन लेवल-1 (रु. 18000-56900) | ग (पूर्ववर्ती समूह घ) | 01 | 01 | | | | | |
| | **कुल** | | **53** | **15** | **04** | **07** | **11** | **16** | |

**(ख) सारणी 2: जेएल विंग, दि इन्फेंटरी स्कूल, बेलगाम (कर्नाटक) स्टेशन में भर्ती पद**

| क्रम सं. | पद का नाम और वेतन मैट्रिक्स में वेतन लेवल | समूह | पदों की संख्या | श्रेणी-वार वितरण (जहां कहीं लागू है) | | | | | पदों की कुल संख्या में से चिन्हित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना | ईडब्ल्यूएस | अजा | अजजा | अपिव | भूपूसै/पीडब्ल्यूडी |
| 1. | **ड्राफ्ट्समैन,** वेतन लेवल-4 (रु. 25500-81100) | ग | 01 | 01 | | | | | |
| 2. | **आशुलिपिक ग्रेड-2, लेवल-4** (रु. 25500-81100) | ग | 01 | | | 01 | | | |
| 3. | **अवर श्रेणी लिपिक,** वेतन लेवल-2 (रु. 19900-63200) | ग | 02 | | | | 01 | 01 | |
| 4. | **बढ़ई,** वेतन लेवल-2 (रु. 19900-63200) | ग | 01 | | | 01 | | | |
| 5. | **पेंटर,** लेवल-2 (रु.19900-63200) | ग | 01 | | | | 01 | | |
| 6. | **सिविलियन मोटर ड्राइवर (ओजी),** लेवल-2 (रु.19900-63200) | ग | 01 | | 01 | | | | |
| 7. | **ओवरसीयर,** वेतन लेवल-1 (रु. 18000-56900) | ग (पूर्ववर्ती समूह घ) | 01 | | | | 01 | | |
| 8. | **कुक,** लेवल-2 (रु.19900-63200) | ग | 04 | 01 | | 01 | 01 | 01 | @ भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित 01 रिक्ति सहित |
| 9. | **आर्टिस्ट अथवा मॉडल मेकर,** वेतन लेवल-1 (रु. 18000-56900) | ग (पूर्ववर्ती समूह घ) | 01 | | | | 01 | | |
| 10. | **फटीग़मैन,** वेतन लेवल-1 (रु.18000-56900) | ग (पूर्ववर्ती समूह घ) | 06 | 03 | 01 | 02 | | | @ भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित 01 रिक्ति सहित |
| 11. | **एमटीएस (चौकीदार),** वेतन लेवल-1 (रु.18000-56900) | ग (पूर्ववर्ती समूह घ) | 01 | 01 | | | | | |
| 12. | **एमटीएस (सफाईवाला),** वेतन लेवल-1 (रु. 18000-56900) | ग (पूर्ववर्ती समूह घ) | 02 | 01 | | | | 01 | @ भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित 01 रिक्ति सहित |
| 13. | **नाई,** वेतन लेवल-1 (रु. 18000-56900) | ग (पूर्ववर्ती समूह घ) | 01 | 01 | | | | | |
| 14. | **साइकिल रिपेयरर,** वेतन लेवल-1 (रु. 18000-56900) | ग (पूर्ववर्ती समूह घ) | 01 | | | | 01 | | |
| | **कुल** | | **24** | **08** | **02** | **05** | **06** | **03** | |

(क्रमशः)

2. ऊपर वर्णित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है. कमांडेंट, इन्फेंटरी स्कूल, महू (म.प्र.) के पास रिक्तियों की संख्या में, यदि आवश्यक है, परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है.

| क्रम सं. | ब्यौरा | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | अर्हता | **लेखाकार**<br>(i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से एकाउण्टेंसी के साथ डिग्री या समकक्ष<br>**अथवा**<br>(ii) एक विषय के तौर पर गणित |
| | | **ड्राफ्ट्समैन**<br>(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड अथवा संस्थान से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण अथवा समकक्ष **और**<br>(ii) मान्यताप्राप्त संस्थान से न्यूनतम दो वर्ष की अवधि का ड्राफ्ट्समैन-शिप में डिप्लोमा |
| | | **आशुलिपिक ग्रेड-2**<br>(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से 12वीं उत्तीर्ण अथवा समकक्ष<br>**(ii) कौशल परीक्षा नियम :-**<br>**डिक्टेशन :** 80 श.प्र.मि. की गति से 10 मिनट<br>**ट्रांसक्रिप्शन :** 50 मिनट (अंग्रेज़ी), 65 मिनट (हिंदी) (कम्प्यूटर पर) |
| | | **अवर श्रेणी लिपिक :-**<br>(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से 12वीं श्रेणी अथवा समकक्ष अर्हता<br>(ii) कम्प्यूटर पर 35 श.प्र.मि. की गति से अंग्रेज़ी टंकण अथवा कम्प्यूटर पर 30 श.प्र.मि. की गति से हिंदी टंकण (35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट प्रत्येक शब्द के लिए 5 की डिप्रेशन के औसत पर प्रति घण्टा 10500/9000 की डिप्रेशन्स के तत्स्थानी है) |
| | | **सिविलियन मोटर ड्राइवर (साधारण ग्रेड)**<br>(i) मैट्रिकुलेशन<br>(ii) भारी वाहनों के लिए सिविलियन ड्राइविंग लाइसेंस और ऐसे वाहनों की ड्राइविंग का दो वर्ष का अनुभव रखते हों. |
| | | **बढ़ई**<br>(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड अथवा संस्थान से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण अथवा समकक्ष, **और**<br>(ii) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अथवा राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद से ट्रेड में प्रमाणपत्र. अथवा बढ़ई के तौर पर तीन वर्षों का अनुभव |
| | | **पेंटर**<br>(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड अथवा संस्थान से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण अथवा समकक्ष, **और**<br>(ii) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अथवा राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद से ट्रेड में प्रमाणपत्र. अथवा पेंटर के तौर पर तीन वर्षों का अनुभव |
| | | **अनुवादक**<br>(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से 12वीं उत्तीर्ण अथवा समकक्ष<br>(ii) विशारद/भूषण/कोविद के समकक्ष हिंदी दक्षता प्रमाणपत्र<br>(iii) मान्यताप्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर अनुप्रयोग में डिप्लोमा<br>**वांछनीय**<br>(i) सैन्य इकाइयों में अनुवादक के तौर पर पूर्ववर्ती अनुभव |
| | | **स्टोरकीपर**<br>(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड अथवा संस्थान से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण या समकक्ष, **और**<br>(ii) स्टोर्स की देखरेख करने का तीन वर्षों का अनुभव |
| | | **आर्टिस्ट अथवा मॉडल मेकर**<br>(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड अथवा संस्थान से मैट्रिकुलेशन, **और**<br>(ii) मान्यताप्राप्त संस्थान से ड्राइंग में प्रमाणपत्र |
| | | **बूटमेकर**<br>(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड अथवा संस्थान से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण अथवा समकक्ष<br>(ii) सभी कैनवेश, टेक्सटाइल और लैदर रिपेयर करने तथा उपकरणों और बूटों की रिप्लेसमेंट संचालित करने में योग्य होना चाहिए. |
| | | **कुक :-**<br>(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन अथवा इसके समकक्ष<br>(ii) इंडियन कुकिंग का ज्ञान और ट्रेड में दक्षता अवश्य रखते हों. |
| | | **फटीगमैन**<br>**अनिवार्य:** (i) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण अथवा समकक्ष<br>(ii) फटीगमैन की ड्यूटियों से सुपरिचित होना चाहिए और एक वर्ष का अनुभव |
| | | **एमटीएस (वॉचमैन), एमटीएस (चौकीदार), (सफाईवाला), एमटीएस (मैसेंजर)**<br>**अनिवार्य:** (i) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण या समकक्ष<br>**वांछनीय** (ii) संबंधित ट्रेडों में अपने कार्यों से सुपरिचत होने चाहिए और ट्रेड में एक वर्ष का अनुभव. |
| | | **नाई**<br>**अनिवार्य:-** (i) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन अथवा समकक्ष साथ में नाई की ट्रेड के कार्य में दक्षता.<br>**वांछनीय:-** (ii) ट्रेड में एक वर्ष का अनुभव |
| | | **धोबी**<br>**अनिवार्य :** (i) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण या समकक्ष<br>(ii) सैन्य/सिविलियन वस्त्र अच्छी तरह धाने में योग्य अवश्य होने चाहिए |
| | | **साइकिल रिपेयरर**<br>**अनिवार्य:** (i) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण या समकक्ष |

| क्रम सं. | ब्यौरा | विवरण |
|---|---|---|
| | | और अपनी ट्रेड से सुपरिचत हों साथ में ट्रेड में कम से कम दो वर्ष का अनुभव |
| | | **पर्यवेक्षक:**<br>मान्यताप्राप्त बोर्ड अथवा संस्थान से मैट्रिकुलेशन |
| | | **ओवरसीयर**<br>मान्यताप्राप्त बोर्ड अथवा संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष |
| (ख) | आयु सीमा | **(i) 18-25 वर्ष:** अवर श्रेणी लिपिक, आशुलिपिक ग्रेड-2, बूटमेकर, कुक, अनुवादक, फटीगमैन, (एमटीएस) वॉचमैन, एमटीएस (चौकीदार), एमटीएस (मैसेंजर), एमटीएस (वॉचमैन), एमटीएस (सफाईवाला), धोबी, नाई, साइकिल रिपेयरर के पद के लिए.<br>**(ii) 18-27 वर्ष:** लेखाकार, बढ़ई, स्टोरकीपर, पर्यवेक्षक, ओवरसीयर, आर्टिस्ट अथवा मॉडल मेकर, पेंटर, सिविलियन मोटर ड्राइवर (साधारण ग्रेड), ड्राफ्ट्समैन<br>**आयु सीमा के लिए छूट**<br>(i) ऊपरी आयु सीमा सरकारी सेवकों और भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए इस संबंध में मौजूदा सरकारी नियमों के अनुरूप शिथिलनीय है.<br>(ii) अजा/अजजा उम्मीदवार जो अपने आरक्षित पद के लिए आवेदन कर रहे हैं 5 वर्ष तक की छूट दी जाएगी. अपिव (गैर संपन्न वर्ग) उम्मीदवारों को आयु में 3 वर्ष तक की छूट दी जाएगी.<br>(iii) निःशक्त व्यक्तियों को अना श्रेणी के अधीन 10 वर्ष, अपिव (गैर-संपन्न वर्ग) श्रेणी 13 वर्ष और अजा/अजजा श्रेणी के लिए 15 वर्ष तक की छूट है.<br>**(iv)** अजा/अजजा/अपिव उम्मीदवार जो कि अनारक्षित पद के तहत आवेदन कर रहे हैं उन्हें अजा/अजजा/अपिव के लिए लागू आयु में छूट और अन्य रियायतें नहीं दी जाएंगी. |
| (ग) | फीस | 50 रु. (केवल पचास रुपए) का रेखांकित पोस्टल ऑर्डर अथवा डिमांड ड्राफ्ट सारणी 1 में वर्णित पद के लिए कमांडेंट, दि इन्फेंटरी स्कूल, महू के पक्ष में और सारणी 2 में वर्णित पद के लिए कमांडर, जूनियर लीडर्स विंग, दि इन्फेंटरी स्कूल, बेलगाम के पक्ष में पोस्टल ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि को अथवा इसके उपरांत जारी किया गया होना चाहिए. आवेदन शुल्क अप्रतिदेय है. अजा/अजजा से संबंधित उम्मीदवार, यदि वे आरक्षित श्रेणी के लिए आवेदन कर रहे हैं, को आवेदन शुल्क से छूट है और निःशक्त व्यक्तियों तथा भूतपूर्व सैनिकों को भी आवेदन शुल्क से छूट दी गई है. |
| (घ) | फोटोग्राफ | आवेदन प्रपत्र में चिन्हित स्थान पर हाल का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ (तीन माह से अधिक पुराना न हो) चिपकाया जाना चाहिए. इसके अलावा विधिवत स्वयं सत्यापित (सामने की तरफ) दो अतिरिक्त फोटोग्राफ आवेदन-पत्र के साथ संलग्न किए जाने चाहिए. |
| (ङ) | निर्णायक तिथि | आयु सीमा के निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि होगी. |
| (च) | बंद होने की तिथि | आवेदन प्राप्ति की बंद होने की तिथि **12 सितंबर 2021** होगी. उत्तर पूर्व क्षेत्र अर्थात असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू एवं कश्मीर राज्य की लद्दाख डिविजन, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चम्बा जिले की पांगी सब डिविजन, अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप के संबंध में आवेदन प्राप्ति की बंद होने की तिथि **22 सितंबर 2021** होगी. |

**2. परीक्षा की योजना :** चयन पूरी तरह मैरिट के आधार पर किया जाएगा. चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और कौशल/शारीरिक/व्यावहारिक/टंकण परीक्षा, जहां कहीं आवश्यक है, शामिल होगा. सभी समूह 'ग' और पूर्ववर्ती समूह 'घ' पदों के लिए चयन कौशल/शारीरिक/व्यावहारिक/टंकण परीक्षा, जो भी मामला है, में अर्हता के विषयाधीन केवल लिखित परीक्षा में आवेदकों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा.

| पेपर | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| पेपर-I | सामान्य बुद्धिमत्ता और रिजनिंग (वस्तुनिष्ठ बहु विकल्प प्रकार) | 25 | 25 | 2 घंटा |
| पेपर-II | सामान्य जागरूकता (वस्तुनिष्ठ बहु विकल्प प्रकार) | 50 | 50 | |
| पेपर-III | सामान्य अंग्रेजी (वस्तुनिष्ठ बहु विकल्प प्रकार) | 50 | 50 | |
| पेपर-IV | संख्यात्मक अभिरुचि (वस्तुनिष्ठ बहु विकल्प प्रकार) | 25 | 25 | |

लिखित परीक्षा का प्रश्नपत्र द्विभाषी अर्थात अंग्रेजी और हिंदी में होगा. यद्यपि अंग्रेजी भाषा विषय के हिस्से पर प्रश्न केवल अंग्रेज़ी में होंगे.

**3. परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम**

**(क) सामान्य बुद्धिमत्ता और रिजनिंग:** प्रश्न 10वीं/12वीं स्तर के होंगे और इनमें ग़ैर मौखिक प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे. परीक्षा में एनालॉग्स, समानताएं और विभेद, स्पेस विजुआलाइजेशन, समस्या समाधान, विश्लेषण, निर्णय, निर्णय लेना, विजुअल मेमॅरि, भेद, अवलोकन, संबंध, अवधारणाएं, आंकड़ा वर्गीकरण, अंकगणितीय संख्या श्रृंखला, ग़ैर मौखिक श्रृंखलाएं आदि पर प्रश्न शामिल होंगे. परीक्षा में इस तरह से प्रश्नों का डिज़ाइन शामिल होगा जिससे एब्सट्रेक्ट आडिया और चिन्हों तथा उनके संबंध, अंकगणितीय संगणना तथा अन्य विश्लेषणात्मक संकार्यों से संव्यवहार के बारे में उम्मीदवारों की योग्यता की जांच की जा सके.

**(ख) सामान्य जागरूकता:** प्रश्न 10वीं/12वीं स्तर के होगे. प्रश्नों को उम्मीदवार की उसके आसपास के पर्यावरण और समाज पर इसके अनुप्रयोग की सामान्य जागरूकता की योग्यता की जांच हेतु डिज़ाइन किया जाएगा. प्रश्नों को ताज़ा घटनाक्रमों की जानकारी की जांच और रोज़मर्रा अवलोकित होने वाले ऐसे मामलों की जांच तथा वैज्ञानिक पहलुओं में उनके अनुभव, जैसा कि 10वीं स्तर के शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा होती है, की जांच हेतु भी डिज़ाइन किया जाएगा. परीक्षा में भारत और इसके पड़ोसी देशों से संबंधित प्रश्नों, विशेषकर खेलों, इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक परिदृश्य, भारतीय संविधान सहित सामान्य राजनीति और वैज्ञानिक अनुसंधान आदि से संबंधित प्रश्नों को भी शामिल किया जाएगा. ये प्रश्न इस प्रकार के होंगे कि उनके लिए किसी विषय के विशेष अध्ययन की आवश्यकता नहीं होती है.

**(क्रमशः)**

# रोजगार के अवसर

(संक्षिप्त जानकारी)

**आइआइटी, मद्रास**
पद – स्टाफ नर्स आदि
संख्या – कुल 92 पद
अंतिम तिथि – 23 अगस्त, 2021
https://www.iitm.ac.in/

**आइआइएमए**
पद – पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप
पद संख्या – कुल 05 पद
अंतिम तिथि – 22 अगस्त, 2021
https://iimamritsar.ac.in/

**आईआईटी-धनबाद**
पद – जूनियर असिस्टेंट
पद संख्या – कुल 73 पद
अंतिम तिथि – 31 अगस्त, 2021
iitism.ac.in

**मुंबई मेट्रो**
पद – जूनियर इंजीनियर व अन्य
पद संख्या – कुल 19 पद
अंतिम तिथि – 31 अगस्त, 2021
mmrcl.com

**फाइनेंस मिनिस्ट्री**
पद – प्रिसीडिंग ऑफिसर
पद संख्या – कुल 15 पद
अंतिम तिथि – 24 अगस्त, 2021
https://financialservices.gov.in/

**एनआइईपीआइडी**
पद – असिस्टेंट प्रोफेसर व अन्य
पद संख्या – कुल 19 पद
अंतिम तिथि – 23 अगस्त, 2021
http://www.niepid.nic.in/

**स्टाफ सलेक्शन कमीशन**
पद – कांस्टेबल व अन्य
पद संख्या – कुल 25271 पद
अंतिम तिथि – 31 अगस्त, 2021
http://ssc.nic.in/

**ओपीएससी**
पद – असिस्टेंट प्रोफेसर
पद संख्या – कुल 385 पद
अंतिम तिथि – 24 सितंबर, 2021
opsc.gov.in

## *** सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी ***

1. राज्य के किस वन्यजीव अभयारण्य एवं प्रस्तावित टाइगर रिजर्व में वन पथ निर्माण पर हाइकोर्ट ने रोक लगाई है ?
(अ) रामगढ़ विषधारी अभयारण्य
(ब) मुकंदरा हिल्स राष्ट्रीय अभयारण्य
(स) टॉडगढ़ वन्य जीव अभयारण्य (द) इनमें से कोई नहीं

2. भारत का सबसे बड़ा पंचकर्म पार्क राजस्थान में कहाँ स्थापित किया जायेगा ?
(अ) अजमेर (ब) जयपुर
(स) जोधपुर (द) इनमें से कोई नहीं

3. राजस्थान का राज्य पक्षी क्या है?
(अ) मोर (ब) गोडावण
(स) बतख (द) इनमें से कोई नहीं

4. मुख्यमंत्री लोक कलाकार आर्थिक सहायता योजना 2021 के तहत कितनी राशि दी जायेगी ?
(अ) 1500 (ब) 2000 (स) 3000 (द) 5000

5. राजस्थान आवासन मंडल तथा महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कन्या वाटिका का शुभारंभ कहाँ किया गया ?
(अ) कोटा (ब) करौली (स) बीकानेर (द) जयपुर

6. राजस्थान के किस विभाग को सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी नवाचार वर्ग में नेशनल वाटर इनोवेशन अवॉर्ड दिया गया ?
(अ) जिला परिषद, उदयपुर (ब) जल संसाधन विभाग
(स) महिला एवं बाल विकास विभाग (द) इंदिरा गांधी नहर विभाग

7. टोक्यो ओलंपिक में भारत ने कुल कितने पदक जीते हैं ?
(अ) 5 (ब) 6
(स) 4 (द) 7

8. राजस्थान में नाबालिग भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान किसके द्वारा चलाया जा रहा है?
(अ) पुलिस आयुक्तालय जोधपुर (ब) पुलिस आयुक्तालय जयपुर
(स) कोटा पुलिस (द) उदयपुर पुलिस

9. विश्व युवा कौशल दिवस कब मनाया जाता है ?
(अ) 01 जून (ब) 25 अगस्त
(स) 15 जुलाई (द) 10 नवम्बर

10. लेंस की शक्ति का मात्रक होता है?
(अ) डायोप्टर (ब) कैंडिला
(स) केल्विन (द) मोल

11. 03 अगस्त 2021 को किस राज्य/केंद्रशासित सरकार ने मेडिकल ऑक्सीजन प्रोडक्शन प्रमोशन पॉलिसी 2021 को मंजूरी दी?
(अ) बिहार (ब) राजस्थान
(स) असम (द) दिल्ली

12. हाल ही में किस अंतरिक्ष एजेंसी ने दुनिया का पहला वाणिज्यिक पुनः प्रोग्राम करने योग्य उपग्रह 'यूटेलसैट क्वांटम' लॉन्च किया है?
(अ) NASA (ब) JAXA
(स) ESA (द) CNSA

13. हाल ही में चर्चा में रहा ट्राईका क्या है ?
(अ) अंतरिक्ष मिशन (ब) हथियार
(स) टीका (द) इनमें से कोई नहीं

14. हाल ही में किसने प्राकृतिक रूप से विकसित अपने प्लास्टिक मिश्रित हस्तनिर्मित कागज हेतु पेटेंट पंजीकरण प्राप्त किया है ?
(अ) नीति आयोग (ब) खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग
(स) भारतीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान
(द) इनमें से कोई नहीं

15. प्रतिवर्ष राष्ट्रीय हथकरघा दिवस कब मनाया जाता है?
(अ) 07 अगस्त (ब) 06 अगस्त
(स) 03 अगस्त (द) इनमें से कोई नहीं

**– उत्तरमाला –**

1(स) 2(स) 3(ब) 4(द) 5(द) 6(ब) 7(द) 8(अ) 9(स) 10(अ) 11(द) 12(स) 13(ब) 14(ब) 15(अ)

## रोजगार शिविर के माध्यम से मिली सफलता



प्रार्थी का नाम – श्री रवि कुमार मीना

**सक्सेस स्टोरी**

मेरा नाम रवि कुमार मीना है। मैं अलवर जिला के रहने वाला हूँ। मेरे पिताजी मजदूरी करते है तथा परिवार में तीन बहनों के साथ पूरी जिम्मेदारी भी मेरे ऊपर थी। मेरे परिवार की आर्थिक हालत अच्छी नहीं है। मैं एक कंपनी में कार्य कर रहा था, लेकिन कोरोना के कारण मेरी नौकरी छूट गयी। एक दिन मुझे मॉडल कैरियर सेंटर के बारे में पता चला। मैंने कार्यालय में आकर अपनी बात सर को बताई तथा रोजगार दिलाने की बात कही। सर ने मेरा निबंधन एनसीएस पोर्टल पर किया तथा ऑनलाइन रोजगार मेले के बारे में बताया, मैंने ऑनलाइन रोजगार मेले के लिए अपना निबंधन कराया फिर मेरे पास अशोका लीलैंड से फोन आया, और मेरा टेलिफोनिक इंटरव्यू लिया। मेरा अशोका लीलैंड में ट्रेनी पद पर चयनित हुआ है। मैं जिला रोजगार अधिकारी तथा मॉडल कैरियर सेंटर का आभार व्यक्त करता हूँ।

(पृष्ठ 7 का शेष)
(ग) **अंग्रेजी भाषा:** प्रश्न 10वीं/12वीं स्तर के होंगे. उम्मीदवारों की अंग्रेजी भाषा की समझ, इसके शब्दों, व्याकरण, वाक्य संरचना, समानार्थक और विपरीतार्थक तथा इनके सभी उपयोग तथा लेखन की योग्यता की भी जांच की जाएगी.
(घ) **संख्यात्मक अभिरुचि:** पेपर में संख्या प्रणाली, पूर्ण अंकों की संगणना, दशमलव और फ्रैक्शन तथा अंकों के बीच संबंध, मूलभूत अंकणितीय प्रचालन, प्रतिशतता, अनुपात और समानुपात, औसत, ब्याज, लाभ और हानि, छूट, सारणी और ग्राफ का उपयोग, मेन्सुरेशन, समय और दूरी, अनुपात और समय, समय और काम आदि से जुड़ी समस्याओं के समाधान से संब्रधित प्रश्नों को शामिल किया जाएगा.

**4. उम्मीदवारों/आवेदकों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश:**
(क) परीक्षा की तिथियों के बारे में पात्र उम्मीदवारों को बाद में सूचित किया जाएगा.
(ख) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए नीचे **परिशिष्ट-I** के तौर पर दिए गए प्रपत्र में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 36039/1/2019-स्था (आर.) दिनांक 31.01.2019 के बिंदु सं. 5 के अधीन निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और परिसंपत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है.
(ग) केंद्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत व्यक्तियों को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए साथ में अपनी स्थापना से यह प्रमाणपत्र कि उसके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित/अवेक्षित नहीं है तथा चयन के मामले में उन्हें कार्यमुक्त करने में कोई आपत्ति नहीं है, संलग्न करना चाहिए. उक्त पहलुओं को शामिल करते हुए प्रमाणपत्र विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि को अथवा इसके बाद जारी किया गया होना चाहिए.
(घ) 01 जनवरी 2004 को अथवा इसके बाद सरकारी सेवा में आने वाले नए व्यक्ति नई परिभाषित अंशदायी पेंशन प्रणाली (नई पेंशन योजना के तौर पर जानी जाने वाली) से शासित होंगे.
(ङ) कमांडेंट, इन्फेंटरी स्कूल महू डाक में किसी देरी अथवा असफलता के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.
(च) कमांडेंट, इन्फेंटरी स्कूल, महू के पास रिक्तियों की संख्या में, यदि आवश्यक हुआ, परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है.

**नोट : इस विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी व परिपत्र के लिए कृपया रोजगार समाचार, नई दिल्ली, दिनांक 7-13 अगस्त, 2021 का अवलोकन करें।**

## वार्षिक अभिदाताओं हेतु आवश्यक सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश (पाक्षिक) के वार्षिक अभिदाता बनने हेतु अथवा वर्तमान में चल रहे अभिदाता जिनका वार्षिक शुल्क समाप्त होने जा रहा है वे रुपए 40/- की राशि का भारतीय पोस्टल आर्डर या डिमान्ड ड्राफ्ट सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश के पक्ष में भेजकर इस पाक्षिक पत्र के वार्षिक सदस्य बन सकते हैं। – संपादक

## सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश के प्रकाशित लेखों एवं प्रशिक्षण एक परिचय में प्रयुक्त विषय वस्तु लेखकों / संस्थानों की अपनी है। सम्पादक इन विषय वस्तु एवं इनसे उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है। – सम्पादक

## राजस्थान रोजगार संदेश

मुख्य सम्पादक
**महेश शर्मा**
निदेशक, रोजगार सेवा निदेशालय
राजस्थान, जयपुर
**मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक**
**हरी राम बडगूजर**
सहायक निदेशक ( प्रकाशन ) राजस्थान रोजगार संदेश, जयपुर,
डाक का पता : सहायक निदेशक प्रकाशन, दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर, पिनकोड- 302001, फोन- 2368398
ई-मेल: adrs.jpr.emp@rajasthan.gov.in

स्वत्त्वाधिकारी, रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान सरकार के लिए मुद्रक सहायक निदेशक(प्रकाशन) द्वारा डी.बी. कॉर्प लि. 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, फोन- 0141-3981148 ( भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर ) से मुद्रित एवं दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-हरी राम बडगूजर